# सिद्धी विनायक कॉलोनी के रहवासियों ने कॉलोनाइजरों पर लगाए वादा खिलाफी के आरोप, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## नालियां न होने की वजह से एकत्रित हो रहा पानी मार रहा है बदबू, घरों में फैल रहीं हैं बीमारिया

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कालोनाइजरों द्वारा भूखण्ड विक्रय के दौरान खरीदारों से कई प्रकार के लोक लुभावने वायदे किए जाते है, लेकिन प्लांट बिकने के बाद वह उन वायदों को भूल जाते है, जिसका खामियाजा इन कालोनी में प्लांट खरीदने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला शहर की पोश कालोनियों में शुमार सिद्धी विनायक कालोनी का सामना आया है, जिसमें रहवासियों द्वारा कालोनाईजरों पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए जनुसविधाए न देने की बात कहीं है।

दरअसल मंगलवार को जनसुनवाई में सिद्धि विनायक कालोनी में रहने वाले लोगों ने कलेक्टर को एक लिखित शिकायत की है, जिसमें उन्होंने बताया है कि उनके द्वारा फर्म देव होम्स के भागीदारान के माध्यम से भूखण्ड क्रय कर उक्त भूखण्डों पर अपने मकानों का निर्माण किया है। कालोनाइजर के द्वारा भूखण्ड विक्रय के समय कालोनी में आम जनसुविधा जैसे लाइट, घरों व कालोनी के बर्षाती पानी निकासी हेतु नाली, एवं कालोनी में व्यवस्थित पार्क की सुविधा प्रदान करने का नौखिक रूप से आश्वासन दिया था, लेकिन उक्त कालोनी में लगभग 70 प्रतिशत भूखण्डों का निर्माण हो जाने के उपरांत भी कालोनी के निवास घरों के पानी निकासी की सुविधा न होने से अत्याधिक परेशान हो रहे हैं। वहीं बताया कि कालोनी में कोई भी नाली की व्यवस्था नहीं है और ना ही वर्षात के पानी की निकासी की कोई व्यवस्था है जिससे नाली की सुविधान होने से घरों का पानी रोडों पर आता है जिससे अत्याधिक बदबू होती है व बीमारियों फेलती हैं एवं वर्षात के पानी का समुचित निकास न होने से वर्षात का पानी घरों के आगे एकत्रित हो जाता है जिससे घरो से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।





**रहवासियों ने कहा एक भी वादा नहीं किया पूरा:**
सिद्धी विनायक कालोनी में रहने वाले उदय प्रताप सिंह , अशोक सोनी, राहुल जैन, कमलेश श्रीवास्तव, अरविन्द यादव, सिद्धार्थ शर्मा, साजिद खान आदि ने बताया कि भूखण्ड विक्रय के दौरान फर्म देव होम्स के भागीदारों द्वारा कई प्रकार के वायदे किए थे, लेकिन उनमें से एक भी वादा नहीं निभाया, जिसकी बजह से इतनी अच्छी जगह में प्लांट खरीदने के बाद भी उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। वहीं कालोनी की सुविधाओं को लेकर उनके द्वारा कई बार कालोनाइजरों से बोला भी गया,लेकिन उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसकी बजह से खाली जगह नुमा पार्क अव्यस्थित हो गया है, तो वहीं जो फाउंटेन लगाया गया था, उसे भी वह लोग उखड़ कर ले गए, जिससे कालोनी की सुंदरता घट गई है।



# पंचायत सचिवों ने भाजपा जिलाध्यक्ष सहित विधायक को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** प्रदेश संगठन के आव्हान पर पंचायत सचिव संगठन द्वारा अपनी मांगो के निराकरण के लिए 7 जुलाई से 27 जुलाई तक जिले के जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जा रहीं है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी और मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने उनकी मांगो के निराकरण किए जाने के लिए मांग पत्र देते हुए अनुशंसा पत्र लिया। वहीं जो ज्ञापन सौंपा गया है, उसमें पंचायत सचिवों की मुख्य मांगे बताई गई है। जिनमें पंचयात सचिवों का पंचयात एवं ग्रामीण विकास विभाग में संबिलियन किया जाए, पंचयात सचिवों की सेवाकाल की गड़ना नियुक्ति दिनांक की जावे, जारी समयमान वेतनमान के आदेश के पालन में समयमान वेतनमान का लाभ दिया जावे सहित अन्य मांगे थी। ज्ञापन के दौरान रामसिंह यादव, जगदीश अवस्थी,गोविंद यादव, हरिशंकर शर्मा, ब्रजेंद्र साहू, चरण सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर में

### प्रथम सेमेस्टर में राजुल ने पाया प्रथम मुकाम

**अशोकनगर।** क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय द्वारा बीएड सत्र 2025-26 के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें युवा व्यावसायिक शिक्षण महाविद्यालय अशोकनगर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिया। जिसमें प्रथम स्थान पर राजुल जैन 82.75 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर श्रेष्ठा शर्मा 81.25 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर शिवानी राठौर 79.25 प्रतिशत एवं तेजस्वी सुमन 79 प्रतिशत, लव शर्मा 78.25 प्रतिशत, सुरभि यादव 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपना व महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों की इस विशेष उपलब्धि पर अध्यक्ष परीक्षित पाराशर एवं विष्णुप्रसाद शर्मा , महाविद्यालय के डायरेक्टर सत्यपाल यादव एवं प्राचार्य डॉ सुनीता चौरासिया द्वारा शुभकामनाएं दी है।

### निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**चंदेरी।** शासकीय माधव महाविद्यालय में भारतीय लोकतांत्रिक परंपरा पर निबंध प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही साथ छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए, भारतीय लोकतांत्रिक परंपरा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्राओं ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की समय-समय पर समीक्षा होना अत्यंत आवश्यक है भारतीय लोकतंत्र में कितनी पारदर्शिता मानवीय संवेदना का समावेश होगा उतना ही भारतीय लोकतंत्र को

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान का जिले में हुआ शुभारंभ

## 15 से 30 जुलाई तक जिले में चलेगा विशेष अभियान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश पुलिस ने एक वृहद जन-जागरूकता अभियान नशे से दूरी - है जरूरी की शुरुआत की है। यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक पूरे राज्य में संचालित किया जाएगा। इसी क्रम में अशोकनगर जिले में नशे से दूरी - है जरूरी अभियान का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिले के आम नागरिकों को नशा मुक्ति से जागरूक हेतु अशोकनगर कलेक्ट्रेट परिसर से चंदेरी विधायक श्री जगन्नााथ सिंह रघुवंशी, अशोकनगर विधायक श्री हरीबाबू राय,कलेक्ट र श्री आदित्य् सिंह,पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार जैन ने बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह बाईक रैली अशोकनगर शहर के विभिन्नक मार्गो से निकाली गई। बाईक रैली में पुलिस जवान,छात्र एवं सामाजिक संगठनों ने सहभागिता की।




**पुलिस अधीक्षक ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ:**
बाईक रैली के उपरांत कलेक्ट्रे ट भवन परिसर के अंदर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजनों को पुलिस अधी ?क्षक श्री विनीत कुमार जैन द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें इस लत से दूर रखना और जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें उचित परामर्श और सहयोग प्रदान कर पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना है। इस जन-जागरूकता अभियान में विभिन्न शासकीय विभाग, गैर-सरकारी संगठन, धर्माचार्य, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, और ग्राम एवं नगर सुरक्षा समितियां सक्रिय रूप से भाग लेंगी। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से समाज के हर वर्ग तक संदेश पहुंचाया जाएगा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे समाज को प्रभावित करता है इससे दूरी रखना नितांत आवश्यक है। यह अभियान स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों और डिजिटल माध्यमों के ज़रिए जन-जागृति फैलाने का कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशों के तहत समस्त विभागों को शामिल किया गया है। जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों को जोड़कर जन जागरूकता का संदेश पहुंचाया जाएगा। साथ ही स्कूलों एवं कॉलेज के बच्चों को जोड़कर उन्हें नशा के प्रति जागरूक किया जाएगा। स्कूल कॉलेज के पास बिक रहे नशे के समान को बंद कराया जाएगा। साथ ही बालक एवं बालिका छात्रावासों में नशा मुक्ति समिति बनाई जाएगी। जिसमें पुलिस अधिकारियों के नंबर भी लिखवाये जाएंगे। जिससे बच्चों को परेशानी होने पर तुरंत बालक बालिकाएं फोन कर उन्हें पुलिस अधिकारियों को सूचना दे सकें। जिले में नशेड़ियों के खिलाफ निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर एएसपी गजेन्द्र सिंह कंवर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी,स्कूली छात्र-छात्राए एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जन जागरूकता के लिए नशे के खिलाफ निकाली गई रैली

**चंदेरी।** प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश पुलिस ने एक वृहद जन-जागरूकता अभियान नशे से दूरी - है जरूरी की शुरुआत की है। यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक पूरे राज्य में संचालित किया जाएगा इसी क्रम में चंदेरी पुलिस द्वारा भी स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ नये बस स्टेंड से पैदल रेली निकाली जो नये बस स्टैंड से दिल्ली दरवाजा, सदर बाजार, होते हुए डोलिया दरवाजे पर समापन हुआ। बच्चे हाथ में नशे के खिलाफ जागरूक करने वाली तख्तियां लिए हुए थे जिनमें लिखा हुआ था हमारा है यही संदेश, नशा मुक्त हो थाना प्रभारी मनीष जादौन ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें इस लत से दूर रखना और जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें उचित परामर्श और सहयोग प्रदान कर पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना है,जन-जागरूकता अभियान में समाज के सभी वर्गों के सहयोग से समाज के हर वर्ग तक संदेश पहुंचे।



# गुजरात की घटना के विरोध में जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** विगत दिनों गुजरात के गिरनार पर्वत की पांचवी टोंक पर जैन समाज के श्रद्धालुओं को न जाने देने, पूजा-अर्चना न करने एवं महिला श्रद्धालुओं से पुलिसकर्मियों द्वारा अभ्रदता करने के विरोध में मंगलवार को जैन समाज सहित समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा एक-एक ज्ञापन देश के प्रधानमंत्री और गुजरात के मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा गया।
मंगलवार को सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि श्री गिरनार जी प्रकरण से पूरा जैन समाज आहत है, क्योंकि देश के संविधान ने नागरिकों को उनके धर्मिक स्थलों पर पूजा अर्चना करने का अधिकार दिया है, तो वहीं दूसरी तरफ गिरनार पर्वत की पांचवी टोंक पर न हीं श्रद्धालुओं को जाने दिया और न हीं जयकारे लगाने दिए। जबकि एएसआई द्वारा पांचवी टोंक जैन तीर्थ स्थल के तौर पर दर्ज है। ज्ञापन देने के दौरान जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल, महामंत्री राकेश जैन अमरोद,राष्ट्रीय मंत्री नरेश चंद जैन, सुभाष जैन कैंची बीड़ी, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल , अजित बरोदिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने सुनी 550 आवेदकों की समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। इस दौरान आवेदकों द्वारा समस्याओं,शिकायतों के आवेदनों पर त्वरित रूप से निराकरण हेतु मौके पर निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में विभिन्न समस्या मूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 550 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई करते हुए निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,डिप्टी कलेक्टर इसरार खान सहित जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे।
जनसुनवाई में ग्राम बनियाई निवासी धर्मेन्द्र कुशवाह द्वारा संबल कार्ड को पुन: चालू कराये जाने, ग्राम फुटेरा निवासी प्रीति बाई द्वारा मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाये जाने, ग्राम भर्रोली निवासी मोहन सिंह द्वारा आम रास्ता को दुरूस्त कराये जाने, ग्राम बायंगा निवासी देवेन्द्र यादव द्वारा मक्काम का बीज दुकानदार द्वारा वापिस न करने, अशोकनगर निवासी धर्मेन्द्र जाटव द्वारा सीसी सड़क एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने, ग्राम अचलगढ़ निवासी घासीराम द्वारा भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाये जाने, ग्राम ओण्डेर निवासी पानबाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने, ग्राम खमखेडी निवासी राजकुमार द्वारा भूमि के नक्शे के ऑनलाईन कराये जाने,अमरोद निवासी विधावाई द्वारा भूमि का पट्टा प्रदान कराये जाने,ग्राम खमखेडी निवासी ब्रजभान सिंह द्वारा बटवारा व बटाकंन पर आपत्ति किये जाने,ग्राम सिकन्दबरा निवासी बृजेश कुमार पाल द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वी्कृत कराये जाने,ग्राम

# कलेक्टर ने दो छात्रावास अधीक्षक को किया निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने आत्माराम दुबे (सहायक शिक्षक, जनजातीय कार्य विभाग) हाल अधीक्षक, शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक छात्रावास, ईसागढ़ द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का जबाव नियत समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में आत्माराम दुबे का मुख्यालय कार्यालय जिला संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग जिला अशोकनगर रहेगा।
उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा 12 जून को शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक छात्रावास ईसागढ़ का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान आत्माराम दुवे (सहायक शिक्षक, जनजातीय कार्य विभाग), हाल अधीक्षक, शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक छात्रावास, ईसागढ़ अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं पाए जाने एवं दूरभाष पर संपर्क कर बुलाये जाने उपरांत भी उपस्थित नहीं होने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था । अधीक्षक द्वारा जबाव नियत समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने पर निलंबन की कार्यवाही की गई। वहीं शासकीय विमुक्त जाति बालक छात्रावास मुंगावली के अधीक्षक जगदीश यादव को छात्रावास के स्टोर रूम उपयोगी सामग्री का उपयोग न करने तथा कारण बताओ सूचना पत्र का जबाव समाधान कारक नही पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में जगदीश यादव का मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड मुंगावली रहेगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा 11 जून को शासकीय विमुक्त जाति बालक छात्रावास मुंगावली का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान जगदीश यादव (प्राथमिक शिक्षक, ई.पी.एस. शाला, मतावली, वि. खण्ड मुंगावली), हाल अधीक्षक शासकीय विमुक्त जाति बालक छात्रावास, मुंगावली अनुपस्थित पाए गए। दूरभाष पर संपर्क किए जाने पर यादव द्वारा मतावली विद्यालय में बच्चों के हृदय रोग की जांच हेतु विद्यालय में जाना बताया गया। काफी विलम्ब के बाद छात्रावास में उपस्थित होकर स्टोर रूम का ताला खोला गया। राजस्व टीम एवं सहायक संचालक पिछडा वर्ग की उपस्थिति में पाया गया कि स्टोर रूम में लगभग 100 की संख्या में नए फर्स, गद्दे-तकिया, चादर, मच्छ्रदानी, रजाई उपलब्ध होना पाया गया, जिसका उपयोग नही किया गया। साथ ही खेल-कूद इत्यादि की सामग्री रखी पाई गई, जिसका उपयोग अभी तक नही किया गया आदि अनियमितताओं हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। कारण बताओ सूचना पत्र जबाव समाधानकारक नहीं पाये जाने पर निलंबन की कार्यवाही की गई।

धर्मसभा

## हर घर में भक्ति कलश स्थापित

# पुण्य का उदय खतरनाक होता है पुण्य के उदय से सावधान रहना : मुनिश्री

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पुण्य का उदय खतरनाक होता है पुण्य के उदय में सावधान रहना है पुण्य के उदय में सारा संसार पाप करता है एक ओर अमीर आदमी है एक ओर गरीब आदमी है दोनों दो मिनिट का समय ही है किसी एक को दो मिनिट का समय दें सकते हैं आप ही बताइए किस को समय दे तो महावीर कहते हैं कि अमीर आदमी को समय दे देना भगवान के समवशरण में गरीब आदमी पहुंचा बहुत गिड़गिड़ाया भगवान दो शब्द बोल दो सहाब मैं मर जाऊंगा उक्त आश्य केउद्गार मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने सुभाष गंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए



**भक्ति कलश स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त करें:**
धर्म सभा में जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के चातुर्मास हेतु मंगल कलशो की स्थापना तो हो गई अव देशभर के भक्त कलश स्थापित करना चाहते हैं तो उन्हें भक्ति कलश स्थापित करना सौभाग्य कमेटी दे रही है जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद ने सभी सदस्यों के आग्रह पर इस व्यवस्था को निरंतर वनाया जा रहा है जो भी भक्त भक्ति कलश स्थापित करेगा उस श्रावक श्रेष्ठी को दीप प्रज्जवलन पाद प्रक्षालन आतिथ्य सत्कार में सह भागीता दी जाएगी।

**दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी का विकास हो जायें:**
उन्होंने कहा कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी का विकास हो जाये इस तरह का आपका विचार आता है अच्छी बात है यदि एक बड़ा आदमी प्रसन्न हो जायें तो थूवोनजी में अकेला मन्दिर बना सकता है ये मेरा तो लोभ हो सकता है कि एक बड़ा व्यक्ति कोई होस्पटिल बनवा दे कोई स्कूल वना दे गौशाला बनवा हम प्रभावित हो सकते हैं लेकिन जव भगवान के समवशरण में चक्रवर्ती आया तो सारे नियम कायदे ताक पर रख कर भगवान की वाणी खिर जाती है जव चक्रवर्ती के लिए भगवान की वाणी खिर सकती है तो यहां कोई अस्पताल बनने वाला गौशाला बनने आगे आता है।

**गरीबों को अमीरों से टक्कर नहीं लेना:**
गरीबो को अमीरों से टक्कर नहीं लेना कभी सभा में कोई सेठ आ जायें तो उसे स्थान देना तुमसे जो धर्म में अधिक है उसके आते ही स्थान देना खड़े हो जाना उसका सम्मान करना धर्मात्मा अगर दूर से दिख जाए आंखो से दिख जाए तो तुरंत खड़े होना है बीमार है उनके लिए छूट है बहुत बड़ा मोटी वेशन दे रहा हूं धर्म में काल गुणों में तुम से बड़ा है उसके सम्मान में खड़े हो जायें हाथ जोड़ ले नेत्र नमस्कार कर लें जव तक वे तुम्हारे पास आयेंगे।



# अमृत हरित महाअभियान के तहत नपा परिषद ने किया पौधारोपण

**शाढ़ौरा।** हरित अभियान एवं अंकुर अभियान के अंतर्गत 5 जून से पौधारोपण कार्यक्रम वृहद अभियान के रूप मे संचालित किया जा रहा है जिसमे पार्क, नगर के वार्ड, जल संरचना के समीप, स्कूल इत्यादि मे सतत रूप से वृक्षारोपण कार्य प्रारंभ है। इसी क्रम में स्थानीय अंबेडकर पार्क मे स्कूली छात्र-छात्राओ और स्व. सहायता समूह की महिलाओ द्वारा पौधारोपण किया गया। जिसमे विभिन्न प्रजाति के फालदार ,छायादार पौधे रोपित किये गए। इस दौरान लगभग 90 पौधो लगाए गए। इस मौके पर नोडल रानी राजपूत, सुदामा किरार, शैलेंद्र तिवारी, स्कूली छात्र-छात्राएं और स्व सहायका समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।